तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 रेक प्वाइंट तैयार करने चल रहा काम

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज
ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# बारिश के मौसम में चल रहा आश्रम छात्रावास की मरम्मत का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरसात के पूर्व आश्रम छात्रावास के मरम्मत किए जाने के निर्देश के बाद भी इस दिशा पर गंभीरता से कार्य नहीं किया गया और अब बारिश के मौसम में आदिवासी विकास विभाग के द्वारा जर्जर हो चुके आश्रम छात्रावास के मरम्मत का काम कराया जा रहा है। जिससे आश्रम में निवासरत छात्र छात्राओं को व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासनिक निर्देशों को विभागों के द्वारा किस गंभीरता से लिया जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण आदिवासी विकास विभाग है। जिसके द्वारा बारिश के मौसम में मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जबकि इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि आश्रम छात्रावासों के मरम्मत कार्य बारिश के पूर्व कर लिया जाए लेकिन इन निर्देशों पर गंभीरता नहीं दिखाई गई और जुलाई महीने में हुई बारिश के दौरान भैसमा कन्या आश्रम सहित जिला मुख्यालय के छात्रावास सहित ब्लॉक मुख्यालय के छात्रावासों का भी मरम्मत कार्य चल रहा है। ऐसे में आश्रम छात्रावास में निवासरत बच्चों को व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कन्यावास छात्रावास के संबंध में प्रशासनिक निर्देशों के तहत बिना अनुमति किसी के भी प्रवेश पर रोक है लेकिन वर्तमान में छात्राओं के रहने के दौरान ही मरम्मत के कार्य चल रहे हैं। जबकि यह कार्य कन्या आश्रम खोलने के पूर्व किया जाना चाहिए था। हालांकि विभाग कहता है कि इसके लिए टेंडर बुला लिए गए थे लेकिन ठेकेदारों ने काम देर से शुरु किया। जिस वजह से तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## शिक्षण सत्र शुरु होने के पूर्व दिए गए थे मरम्मत के निर्देश

**खास बातें**

- स्कूल शुरु होते ही आश्रम छात्रावासों में शुरु हो गई है प्रवेश की प्रक्रिया



**छात्रावास को भी किया गया शिफ्ट**

मरम्मत के नाम पर हायर सेकेंडरी स्कूल में संचालित 50 सीटर वाला छात्रावास को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बारिश के दिनों में जब किसी भी तरह के स्थानांतरण कार्य नहीं किए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में छात्रावास बारिश के दिनों में शिफ्ट किए जाने में छात्र व अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हायर सेकेंडरी स्कूल में संचालित कन्या आश्रम छात्रावास की स्थिति भी जर्जर है। भैसमा कन्य आश्रम के मरम्मत का कार्य वर्तमान में किया जा रहा है। इसी तरह पाली और पोड़ी उपरोड़ा में भी आश्रम छात्रावास के मरम्मत का काम चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की परीक्षा कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार व उप निरीक्षक संवर्ग व प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई को जिले के कुल 7 परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 2205 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग के निर्देशानुसार जिले में चार जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को 10 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय ई.वी.पी.जी. कॉलेज रजगामार रोड, कोरबा में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयोग द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा दिवस 12 जुलाई को परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अर्थात 9.45 बजे परीक्षा केन्द्रों का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए कलेक्टर, किया पौधारोपण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत देवपहरी स्थित गौमुखी सेवा धाम अंतर्गत संचालित विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रामीण बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके।

### शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों में शासकीय दरों पर मत्स्य बीज उपलब्ध

**कोरबा।** वर्ष 2026-27 में शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले के एतमानगर (बांगो) स्थित चायनिज हैचरी से मत्स्य बीज उत्पादन कार्य किया जा रहा है। जहां प्रमुख सफर (कतला, रोहू, मृगल) मछलियों की मत्स्य जीरा (स्पान) उत्पादन किया जा रहा है। इच्छुक मत्स्य कृषक हैचरी से सीधे मत्स्य जीरा शासन द्वारा निर्धारित दर पर प्राप्त कर सकते है, एवं मत्स्य बीज संवर्धन का कार्य कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। मत्स्य बीज संवर्धन का कार्य ऐसे मौसमी तालाबों में भी आसानी से मत्स्य बीज संवर्धन किया जा सकता है। जिन तालाबों में 6 माह तक पानी रहता है। इसके अलावा जिले के एतमानगर, (विकासखंड-पोडीउपरोड़ा), हुंकरा (विकासखंड-कटघोरा), सेन्द्रीपाली (विकासखंड-पाली) एवं बरपाली (विकासखंड-करतला) में स्थित शासकीय मत्स्य बीज संवर्धन प्रक्षेत्रों से भी प्रमुख सफर मछली के फ्राई एवं फिंगरलिंग मछली बीज प्राप्त किया जा सकता है।

### वर्ष 2025 में 349 मीटर भरा हुआ था पानी, जबकि इस साल 352.70 मीटर भरा है बांध

# पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस साल बांगो बांध का वाटर लेवल सबसे अधिक


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश की शुरुआत के साथ ही बांगो डेम के कैचमेंट इलाके में भी अच्छी बारिश हो रही है, जो जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर है। कैचमेंट इलाके में बारिश होने की वजह से बांगो डेम में भी लगातार पानी आना शुरू हो चुका है। यही वजह है कि पिछले 3 वर्षों में अब तक बांगो बांध का जलस्तर सबसे ज्यादा बना हुआ है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 62.25 फ़ीसदी जल भराव हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध का निर्माण किया गया है दशकों पुराने इस बांगो बांध का कैचमेंट इलाका कोरिया सहित आसपास के पड़ोसी जिले हैं जहां अच्छी बारिश होने पर बांगो बांध का जल स्तर बहुत तेजी से बढ़ता है। पिछले चार दिनों पूर्व हुई बारिश का असर बांगो बांध पर दिखना शुरू हो चुका है। धीरे-धीरे अब बांगो बांध के जल स्तर में वृद्धि होने लगी है। कुछ दिनों पहले ही बांगो बांध का जल स्तर धीरे-धीरे कम होने लगा था। खास तौर पर जून के महीने में सबसे ज्यादा जल स्तर गिरता लेकिन अब जुलाई के महीना शुरू होते ही बांगो बांध का जल स्तर तेजी से बढ़ने लगा है। मौजूदा स्थिति पर बांगो बांध के जल स्तर पर गौर करें तो बांगो बांध का जलस्तर 352.70 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जल भराव का 62.25 फ़ीसदी है। पिछले तीन सालों में यह जल स्तर सबसे ज्यादा है बताया जाता है कि वर्ष 2025 में बांगो बांध का जल स्तर 349 मीटर था जबकि वर्ष 2024 में बांगो बांध का जल स्तर 348.65 मीटर था। पिछले 3 सालों में बांगो बांध का जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है और पिछले साल के आंकड़ों के मुकाबले इस साल बांगो बांध का जल स्तर लगभग 3 मीटर ज्यादा है। इससे जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिए अच्छी खबर है। बताया जाता है कि यदि इसी तरह अच्छी बारिश होती रही तो बांगो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और जैसे-जैसे बांगो बांध का जल स्तर बढ़ते जाएगा बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार भी बढ़ाई जाएगी।

**90 फ़ीसदी पहुंचते ही खोला जा सकता है गेट**

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 62 फ़ीसदी पानी भरा चुका है, आने वाले दिनों में 10 से 15 दिन कैचमेंट इलाके में लगातार अच्छी बारिश हो जाती है तो बांगो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। अमूमन बांगो बांध का वाटर लेवल 90 फीसदी पहुंचते ही बांगो बांध का गेट खोल दिया जाता है। यदि हाईडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई तो निश्चिततौर पर बांध को भरने में महज 30 फीसदी ही शेष है और यदि बांध का गेट खोला गया तो इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि पहले जल संसाधन विभाग डेम के बढ़ते वाटर लेवल को मेंटनेंट करने के लिए हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाता है और हाईडल प्लांट से ही वाटर लेवल को मैनेज किया जाता है। यदि इसके बाद भी वाटर लेवल का ग्राफ बढ़ता है तो ऐसी स्थिति में गेट खोलकर वाटर लेवल को मेंटेन किया जाता है।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग लाखों का बाइक जलकर खाक


धूं धूंकर जलती दुकान व बाइक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुवार की देर रात एक पार्टस की दुकान में अचानक आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दुकान के भीतर रखे मोटर साइकिल, एक्टिवा सहित अन्य समान जलकर खाक हो चुका था। इस आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लगभग 5 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया है। पुलिस ने मामले में आगजनी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र के तिलकेजा स्थित आमापाली में संचालित देवांगन ऑटो पार्ट्स की दुकान में गुरुवार की रात अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से दुकान के अंदर रखे 4 बाइक, 2 स्कूटी और 2 साइकिल जलकर खाक हो गए। दुकान संचालक सुनील कुमार देवांगन ने मामले की शिकायत पुलिस से की है मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। संभावना जतायी जा रही है कि दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आगजनी की घटना हुई है।

# नवनियुक्त 11 एल्डरमेन को कलेक्टर ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के सभागृह में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 11 नवनियुक्त एल्डरमेन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी एल्डरमेन को संविधान के प्रति निष्ठा और गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

समारोह में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवनियुक्त एल्डरमेन को शुभकामनाएं देते हुए शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। जिन 11 एल्डरमेन ने शपथ ली है उनमें ईश्वर साहू, दीपक यादव, शिव बालक सिंह तोमर, रितेश साहू, सतीश सिंह ठाकुर, रविशंकर शुक्ला, वैशाली रत्नपारखी, अमीलाल चौहान, नवदीप नंदा, मंदाकनी त्रिपाठी, मनोज अग्रवाल शामिल हैं। एल्डरमेन के शपथ लेने के साथ ही नगर निगम परिषद अब पूरी तरह से गठित हो गई है। इसके बाद निगम की स्थायी समिति, वित्त समिति, लोक निर्माण समिति और अन्य समितियों के गठन का रास्ता साफ हो गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन समितियों के गठन के साथ विकास कार्यों और प्रशासनिक फैसलों में तेजी आएगी। एल्डरमेन की नियुक्ति को भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परिषद के पूर्ण गठन के बाद सत्ता पक्ष निगम में अपनी रणनीति को और मजबूती से लागू कर सकेगा, जबकि समितियों के गठन और जिम्मेदारियों के बंटवारे पर भी राजनीतिक हलकों की नजर रहेगी।


शपथ ग्रहण के दौरान उद्योग मंत्री व महापौर के साथ एल्डरमेन।

# गुरसिया ग्राम पंचायत की सरपंच को एसडीएम ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत गुरसिया में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरपंच हेमलता बघेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 39(1) के तहत यह आदेश जारी किया है। वहीं, उनके विरुद्ध धारा 40 के तहत पद से पृथक करने की कार्रवाई भी जारी है। ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कराई गई जांच में ग्राम पंचायत के बैंक खाते और दस्तावेजों की जांच के दौरान प्रथम दृष्टया 37 लाख 26 हजार रुपये की स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि नियमों के विपरीत निजी बचत खाते में स्थानांतरित किए जाने की पुष्टि हुई। प्रशासन ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता और गबन का मामला मानते हुए कार्रवाई शुरू की। जांच के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रशासन का मानना है कि जांच लंबित रहने के दौरान पद पर बने रहने से पंचायत के अभिलेखों और निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है। इसी आधार पर सरपंच को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में सरपंच किसी भी शासकीय या वित्तीय कार्य का संचालन नहीं करेंगी तथा पंचायत के सभी अभिलेख और शासकीय प्रभार अधिकृत अधिकारी को सौंपेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से उठाई जा रही शिकायतों पर अब प्रशासन ने ठोस कार्रवाई की है। मामले में आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।


हेमलता बघेल

**खास बातें**

- 37 .26 लाख की वित्तीय अनियमितता पर हुई कार्रवाई
- ग्रामीणों ने की थी कलेक्टर से शिकायत कर जांच की मांग

### बेलाकछार संगम नगर में ट्रांसफार्मर से नीचे झूल रहा है तार

# धंस रहा विद्युत पोल, कभी भी गिर सकता है ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत विभाग की लापरवाही से अक्सर मवेशियों की जान चली जाती है। कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आने के बाद भी विद्युत विभाग सुधार कार्य में ध्यान नहीं दे रहा है। संगम नगर बेलाकछार में भी कुछ इसी तरह का दृश्य सामने आया है जहां एक ट्रांसफार्मर के नीचे विद्युत प्रवाहित तार नीचे लटक रहे हैं जिससे वहां हमेशा खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने इसमें सुधार कार्य के लिए विद्युत विभाग के अफसरों से कई बार गुहार लगा चुके हैं इसके बाद भी सुधारने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम संगम नगर बेला कछार की है। ट्रांसफार्मर का तार खुला हुआ है कई बार बाउंड्री कराने के लिए विभाग के अफसरों को जानकारी दी जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है और ट्रांसफार्मर के नीचे खुले में लटके हुए हैं जिससे मवेशियों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों पर भी खतरा बना हुआ है। वार्ड क्रमांक 18 की पंच देवकी बाई प्रजापति, विनोद प्रजापति, गोकुल प्रसाद, बहादुर यादव, राकेश साहू, राजेश यादव, वार्ड क्रमांक पांच 12 अनिल दास मानिकपुरी, वार्ड क्रमांक 11 पांच लक्ष्मण दास ने इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अफसरों से की है।

**खास बात**

- विद्युत वितरण विभाग में शिकायत के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

खबर संक्षेप

## साइबर ठगों ने शिक्षिका से की 75 हजार की ठगी



**बिलासपुर।** साइबर ठगों ने डरा धमका कर अल्का एवेन्यू निवासी शिक्षिका से 76 हजार से अधिक की राशि की ठगी को अंजाम दिया है। शिक्षिका घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार श्रीमती पारूल पाण्डेय पति श्री नितेश पाण्डेय उम्र 42 वर्ष निवासी अल्का एवेन्यू में रहती है। उन्होंने बताया कि अज्ञात फोन नंबर से उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आया था। ठगों ने उन्हें अपराध में फंसाने का झांसा दिया और कई किश्तों में 76500 रूपए अपने फोन पे एप्प में डलवा लिया है। साइबर ठगों ने शिक्षिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का झांसा दिया था, लोक लाज के डर से शिक्षिता ने 5 बार में ठगों के दिए मोबाइल नंबर पर भुगतान किया है। सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चाकू दिखाकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र में चाकू दिखा कर हर आने जाने वाले को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भे दिया है। पुलिस के अनुसार रामकुमार बिजौरे ने थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात ग्राम भिलमी लौटने के दौरान उसे और उसकी मां को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे चाकू को दिखा कर सीधे गले में अड़ा दिया गया है। जिससे प्रार्थी के गला एवं गदेली में चोंट खरोच आई है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी शेख जानू की पतासाजी की और हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुलिस ने मामले में मचखंडा निवासी शेख जानू पिता स्व शेख रमजान खान उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## शालीमार-एलटीटी में अतिरिक्त एसी 3 कोच

**बिलासपुर।** शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एसी थ्री कोच की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। रेल प्रशासन के अनुसार यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध काने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी और एलटीटी से शालीमार के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी थ्री की सुविधा अस्थायी रूप से दी जा रही है। यह सुविधा 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 11 से 17 जुलाई तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 13 से 19 जुलाई तक रहेगी।

## स्थायी रूप से लगाया गया हसदेव में एसी कोच

**बिलासपुर।** रायपुर से कोरबा के बीच चल रही हसदेव एक्सप्रेस में एक एसी थ्री कोच स्थायी रूप से लगाया गया है। गाड़ी संख्या 18251/18252 और 18249/18250 रायपुर से कोरबा और कोरबा से रायपुर के बीच अलग-अलग नम्बर से चल रही हसदेव एक्सप्रेस में एक एसी थ्री कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 12 जुलाई से और कोरबा से चलने वाली 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 13 जुलाई से होगी। इसके अलावा रायपुर से चलने वाली 18249 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 15 जुलाई से और कोरबा से चलने वाली 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 16 जुलाई से मिलेगी।


किताबों और प्रतियोगी परीक्षा के पैटर्न के साथ तालमेल कठिन

विरोध में विभिन्न मांगों को लेकर 15 जुलाई से करेंगे शिक्षक आंदोलन

# 80 हजार शिक्षकों की 'परीक्षा', कई तो 50 की उम्र कर चुके पार, अब नौकरी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के पांच हजार सहित प्रदेशभर के 80 हजार से अधिक प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षकों के सामने अब शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की चुनौती है।



3 सितंबर 2001 से 23 अगस्त 2010 के बीच नियुक्त शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यदि वे इस समय सीमा के भीतर परीक्षा पास नहीं करते हैं, तो उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। चिंता का विषय यह है कि इनमें से अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, और कई वर्ष के भी हैं। ऐसे में लंबे समय बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना उनके लिए कठिन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट किया है कि 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट नहीं मिलेगी। पुनर्विचार याचिका भी खारिज हो चुकी है, लेकिन अदालत ने टीईटी उत्तीर्ण करने की अंतिम तिथि को 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दिया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक प्रदेश में कुल 80,491 शिक्षक इस दायरे में आते हैं। इस बीच, इंटरनेट मीडिया पर टीईटी से छूट मिलने के दावे तेजी से फैल रहे हैं, जिन्हें शिक्षक संगठनों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) के हलफनामे का गलत अर्थ निकाला जा रहा है, जबकि न्यायालय का आदेश स्पष्ट है। टीईटी देने वाले शिक्षकों की सर्वाधिक संख्या कोंडागांव में 5,334 है, जबकि सबसे कम 245 शिक्षक मुंगेली जिले में हैं।

### उच्च स्तर के प्रश्नों ने उड़ाई नींद

शिक्षक संगठनों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। टीईटी नियमित अंतराल पर आयोजित नहीं होती और कई बार दो-दो साल तक परीक्षा नहीं होती। प्रश्नों का स्तर कई बार पीएससी जैसा होने से शिक्षकों को भी कठिनाई होती है। विभाग मिशन मोड में हर तीन-चार महीने में टीईटी आयोजित करें, ताकि सभी शिक्षक समय-सीमा के भीतर परीक्षा दे सकें।

**← यह कहा है सुप्रीम कोर्ट ने →**

- टीईटी शिक्षक बनने और सेवा में रहने की अनिवार्य योग्यता है।
- पांच वर्ष से अधिक सेवा शेष शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य।
- पांच वर्ष से कम सेवा शेष शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिलेगी।
- 2001-2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य।

### उम्मीद थी कि छूट मिलेगी लेकिन राहत नहीं

ध्यान रहे कि इस मुद्दे पर लंबे समय तक कानूनी लड़ाई चली। शिक्षकों को उम्मीद थी कि उन्हें छूट मिलेगी, लेकिन राहत नहीं मिली। प्रदेश में बड़ी संख्या ऐसे शिक्षकों की है जिनकी उम्र 50 से 55 साल हो चुकी है। पिछले 15-20 साल से पढ़ा रहे इन शिक्षकों के लिए अब किताबों और प्रतियोगी परीक्षा के पैटर्न के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल है। समस्या यह भी है कि रोज स्कूल संचालन, मूल्यांकन और प्रशासनिक काम में व्यस्त रहने के कारण पढ़ाई के लिए समय निकालना आसान नहीं है। शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम भी इस दौरान काफी बदल चुका है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इन अनुभवी शिक्षकों ने सालों तक शिक्षा व्यवस्था को संभाला है। उन्हें सेवा से हटाने की बजाय सरकार को मदद करनी चाहिए।

### दक्षता की जांच होनी चाहिए

टीईटी का उद्देश्य शिक्षकों की दक्षता जांचना होनी चाहिए ना कि वर्षों का अनुभव रखने वाले शिक्षकों को छात्रों जैसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठाकर हतोत्साहित करना। प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षकों के लिए अलग-54-556 टीईटी का उद्देश्य शिक्षकों की दक्षता जांचना होना चाहिए, न कि अलग टीईटी तथा कक्षा आधारित पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछने चाहिए। सेवाकालीन (इन-सर्विस) शिक्षकों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए पृथक विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए।

**- संजय शर्मा**, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन

जिला अस्पताल: सिविल सर्जन के नहीं होने से बरती गई लापरवाही

# लापरवाही: डायलिसिस करा रहे मरीज को छोड़कर भागे कर्मचारी, फर्श पर फैला खून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। डायलिसिस मशीन से मरीज के शरीर में जाने वाला खून जमीन पर बहता रहा, मरीज के शोर मचाने के बाद कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान डायलिसिस कक्ष में कोई भी प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद नहीं था। मरीज और उसके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाया है। फिलहाल मरीज की हालत ठीक है।

- **प्रभारी डाक्टर अनिल गुप्ता भी रहे नदारद**

जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों के साथ जान का खिलवाड़ किया जा रहा है। यह सब तब हो रहा है जब अस्पताल में सिविल सर्जन मौजूद नहीं है। शुक्रवार को मरीज द्वारिका प्रसाद मंडलोई डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। डायलिसिस के दौरान खून रिसने की शिकायत सामने आ रही थी, जब मशीन से खून लगातार बाहर निकलता रहा, तो मरीज को बैचैनी होने लगी और उन्होंने स्टाफ को आवाज लगाई, लेकिन डायलिसिस कक्ष में कोई भी प्रशिक्षित कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद मरीज ने अपने नाती को फोन इस बारे में बताया और नाती राज मंडलोई मौके पर पहुंचे। इस दौरान मरीज का खून फर्श में फैला हुआ था, जिसके देखते साथ ही वे हैरान रह गए और स्टाफ को बुलाने के लिए नीचे गए। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद जब उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से शिकायत करनी चाही, लेकिन सिविल सर्जन डॉ एस कुजुर और आरएमओ डॉ प्रतीक प्रधान मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि डायलिसिस यूनिट के प्रभारी संविदा डाक्टर अनिल गुप्ता भी अस्पताल में मौजूद नहीं थे। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।



अस्पताल में भर्ती मरीज।



डायलिसिस मशीन की जांच करते कर्मचारी।

### पेट दर्द से परेशान मरीज से तोड़ा दम

जहां डायलिसिस में मरीज के खून फर्श में फैलने की घटना सुबह 10 बजे हुई और परिजनों ने स्टाफ और डाक्टरों को जमकर भला बुरा कहा, वहीं शाम को भी अस्पताल में लापरवाही देखी गई, इस दौरान 3 दिनों से भर्ती देवरीखुर्द निवासी राजेश सोनी ने पेट दर्द के बाद मौत के मुंह में जा पहुंचे। जिसके बाद परिजनों ने जमकर उत्पात मचाया और डाक्टर अनिल गुप्ता पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि राजेश सोनी 3 दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती हुए थे, उन्हें शुगर और पीलिया था, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा था, लेकिन दोपहर को कोई डाक्टर मौजूद नहीं था, इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और परिजनों ने नर्स से डाक्टर को बुलाने के लिए कहा लेकिन डाक्टर नहीं पहुंचे। मरीज के मौत के बाद आरएमओ और अन्य आपातकालीन डाक्टर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मरीज के परिजनों ने जमकर खरी खोटी सुनाई।

### सिविल सर्जन भी नदारद

बताया जा रहा है कि सिविल सर्जन डॉ एस कुजूर के आने के बाद व्यवस्था में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन पिछले कुछ समय से डॉ कुजूर भी जिला अस्पताल से गायब रहते हैं। कभी प्रशासनिक कार्य तो कभी निजी कारणों से डॉक्टर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों की जिम्मेदारी भगवान भरोसे ही है।

### बीजेपी नेता है मरीज

जानकारी के अनुसार जिस मरीज की डायलिसिल यूनिट में लापरवाही के कारण खून बहने की घटना हुई है, वह रतनपुर क्षेत्र के नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पति और बीजेपी के क्षेत्रीय नेता द्वारिका मंडलोई हैं। उन्हें किडनी फेलियर की शिकायत है। श्री मंडलोई ने जिला अस्पताल प्रबंधन की शिकायत बीजेपी के आला नेताओं से करने की बात कही है।

### मौजूद थे कर्मचारी

डायलिसिस कक्ष में कर्मचारी मौजूद थे, मुझे बताया गया है ब्लड चढ़ाने के लिए लगाया गया एनस ढीला होने के कारण थोड़ा खून गिर गया था। परिजनों ने आरोप लगाया है। शाम को जिस मरीज की मौत हुई है, उसे दूसरी बीमारियां भी थी, डाक्टर के आते तक उसकी मौत हो गई थी।

**-डॉ प्रतीक प्रधान,** आरएमओ, जिला अस्पताल

# ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे सेलिब्रेशन



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के महत्व तथा प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। विद्यालय परिसर हरे रंग की सजावट और बच्चों की आकर्षक हरी वेशभूषा से प्रकृति की सुंदर छटा बिखेरता नजर आया।

- **पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कम्युनिटी हेल्पर गार्डनर विजिट रहा। स्कूल की शिक्षिका ने बच्चों को पौधों की देखभाल, वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व के बारे में सरल एवं रोचक ढंग से जानकारी दी। बच्चों ने उत्सुकता के साथ उनसे संवाद किया और पौधों की देखभाल से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए पीटी स्ट्रेचिंग कराई गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सैंड प्ले, रेनी डे स्कैवेंजर हंट, कलरिंग, तथा टियरिंग एंड पेस्टिंग जैसी गतिविधियों में पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति, सूक्ष्म मोटर कौशल, अवलोकन क्षमता तथा सहयोग की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की चेयरपर्सन ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करना समय की आवश्यकता है। वहीं डायरेक्टर सर ने ऐसे गतिविधि-आधारित शिक्षण को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। विद्यालय की प्राचार्य ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल भविष्य में भी बच्चों के समग्र विकास के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। पूरा आयोजन उत्साह, सीख और आनंद का सुंदर संगम रहा तथा बच्चों ने खेल-खेल में प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश ग्रहण किया।

# स्कूटी सवार को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर







पचपेड़ी थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, लोहर्सी निवासी बरन भानु 50 वर्ष पिता स्वर्गीय रोहित भानु अपने मित्र बंशी श्रीवास के साथ गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे स्कूटी क्रमांक CG 22 एई 0512 से मल्हार जा रहा था। घर में शादी के कारण दहेज के लिए टीवी खरीदने घर से निकला था। इसी दौरान पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरी मोड़ के पास दो स्कूटी सवार हाइवा की चपेट में आ गया। मल्हार की ओर से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 22 जे 8196 ने सामने से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। आमने सामने हुई टक्कर के कारण दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने तत्काल डायल-112 और पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह बरन भानु ने दम तोड़ दिया, जबकि बंशी श्रीवास की हालत गंभीर बनी हुई है । पचपेड़ी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया है। फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

## किराना दुकान में चोरी दो आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** तखतपुर पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से माल बरामद कर लिया है। तखतपुर पुलिस के अनुसार परमीत सलूजा पिता जशपाल सिंह उम्र 26 साल ने 7 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जरौधा गुडी में किराना दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान 3 टीना महाकोष तेल का 15 लीटर, 5 लीटर क्षमता वाला प्लास्टिक के 4 जरीकेन, महाकोष के 5 किलो का जरीकने और आर्शीवाद आटा व अन्य समान के साथ ही गल्ले में रखी 1 हजार रूपये की चोरी कर ली है। सूचना मिली कि जरौधा के गोपाल मेहर के कोठर में पैरावट के बीच कलेश्वर मेहर, कुंदन धृतलहरे चोरी किया सामान रखे है। कलेश्वर मेहर, कुंदन धृतलहरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कलेश्वर मेहर और कुंदन धृतलहरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में दो अन्य आरोपी बंटी साहू एवं सुमित यादव फरार हो गए है।

# स्टार रेटिंग में गेवरा और कुसमुंडा को लगा बड़ा झटका



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सर्वाधिक उत्पादन करने वाली कोयला खदानों में शामिल एसईसीएल की गेवरा, दीपका और कुसमुंडा परियोजनाएं उत्पादन के मामले में कोल इंडिया की सुपर-35 श्रेणी की शीर्ष तीन खदानों में कायम हैं। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्टार रेटिंग में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को बड़ा झटका लगा है। समीक्षा अवधि के दौरान हुई जानलेवा दुर्घटनाओं के कारण दोनों खदानों को मूल्यांकन के लिए अयोग्य घोषित करते हुए नो स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।

- **जानलेवा हादसों के कारण मिला नो स्टार, दीपका को मिला 4-स्टार**

कोयला मंत्रालय के अधीन कोल कंट्रोलर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जारी स्टार रेटिंग में एसईसीएल की दीपका ओपनकास्ट परियोजना तथा कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर खदान को 81 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर दोनों को 4-स्टार रेटिंग मिली है। एसईसीएल की भटगांव क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर ओपनकास्ट परियोजना कंपनी की एकमात्र ऐसी ओपनकास्ट खदान रही, जिसे 5-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई। वहीं भूमिगत खदानों में बंगवार, खैराहा, बेहराबांध और विजय वेस्ट माइंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5-स्टार रेटिंग हासिल की। दूसरी ओर जिले में संचालित एसईसीएल की कोई भी भूमिगत अथवा ओपनकास्ट खदान इस बार 5-स्टार रेटिंग प्राप्त नहीं कर सकी। सीसीओ द्वारा जारी स्टार रेटिंग के आधार पर कोयला कंपनियों की भूमिगत एवं ओपनकास्ट खदानों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है।

इसके लिए कंपनियां पहले पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर स्वयं मूल्यांकन के आधार पर दावा प्रस्तुत करती हैं। इसके बाद सीसीओ इन दावों का सत्यापन और समीक्षा कर अंतिम स्टार रेटिंग जारी करता है। खदानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार रेटिंग व्यवस्था वर्ष 2018-19 में शुरू की गई थी। इसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में खदानों का मूल्यांकन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की रेटिंग में एसईसीएल की 5 खदानों को 5-स्टार, 19 खदानों को 4-स्टार तथा 21 खदानों को 3-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। हालांकि देश की सबसे बड़ी उत्पादन क्षमता वाली गेवरा और कुसमुंडा खदानों का नो स्टार श्रेणी में आना एसईसीएल के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है।

# स्टेशन के गेट नं. 4 के साथ चुचहियापारा से प्रवेश बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल अफसरों के आदेश पर शुक्रवार की सुबह से स्टेशन के गेट नम्बर चार और चुचुहियापारा की ओर से आने-जाने वाले रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। नई बिल्डिंग निर्माण कार्य के लिए अस्थायी रूप से चुचुहियापारा और बुधवारी की ओर रास्ते के दोनों ओर बेरियर लगाया गया है, जिसके कारण सबसे अधिक परेशानी हावड़ा एफओबी से आने-जाने वाले यात्रियों को हो रही है। बुधवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वाले मार्ग को रेलवे ने अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। इस दौरान स्टेशन का निर्माण कार्य किए जाने की वजह से बुधवारी बाजार के अलावा लोगों के लिए बुधवारी बाजार के पीछे के मार्ग से आने-जाने की व्यवस्था की गई है।

# दिल्ली जू ने कहा : पहले बनाओ केज फिर देंगे वुल्फ डॉग

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने दिल्ली जू के पास प्रस्ताव भेजकर वुल्फ डॉग की मांग की है। इस मांग के बाद दिल्ली जू प्रबंधन ने कानन जू में आकर निरीक्षण किया, लेकिन केज नहीं होने के कारण वन्यप्राणी को देने से मना कर दिया गया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर में शामिल कानन पेण्डारी मीडियम जू में कई प्रजातियों के वन्यप्राणी अभी भी नहीं रखे गए हैं। इसका कारण है कि वन्यप्राणियों की संख्या अधिक होने से आहार और अन्य कार्यों में खर्च अधिक लगते हैं। वहीं केज भी वन्यप्राणियों के हिसाब से तैयार किया जाता है। इसमें एक वन्यप्राणी वुल्फ डॉग भी है। वुल्फ डॉग एक संकर प्रजाति है जो पालतू कुत्ते और जंगली भेड़िए के प्रजनन से उत्पन्न होती है। इसे वुल्फ डॉग हाइब्रिड भी कहा जाता है। इनमें भेड़िए और कुत्ते दोनों का डीएनए मौजूद होता है। वुल्फ डॉग देखने में काफी हद तक भेड़िए की तरह लगत हैं, लेकिन इनका स्वभाव कुत्ते और भेड़िए के मिश्रण वाला अप्रत्याशित हो सकता है। कानन अफसरों के अनुसार वुल्फ डॉग का स्वभाव सामान्य पालतू कुत्तों की तुलना में बहुत अधिक आक्रामक, स्वतंत्र और क्षेत्रीय हो सकता है। यह बहुत ऊर्जावान होता है, जिसमें शिकार करने की स्वाभाविक वृत्त बहुत अधिक होती है।

भेड़िए की तरह इसे किसी भी जगह में कैद रहना पसंद नहीं होता है और यह प्रशिक्षित करने में काफी कठिन हो सकता है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुसार अदान-प्रदान की प्रक्रिया के तहत दिल्ली जू की ओर से वुल्फ डॉग को देने का प्रस्ताव दिया गया था।

### कहा गया है केज बनाने

दिल्ली जू से वुल्फ डॉग को लेने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद दिल्ली की टीम ने कानन जू आकर निरीक्षण करने के बाद केज बनाने के बाद देने की अनुमति दी है। वुल्फ डॉग को लाने के बाद पहले क्वारैंटाइन में रखा जाएगा, जिसके बाद उसे केज में छोड़ने का काम होगा।

**-राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल में क्लर्क की सूची जारी, इंटक के 29 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**कोरबा।** एसईसीएल ने मिनिसट्रियल स्टाफ संवर्ग के अंतर्गत सामान्य लिपिक (क्लर्क) ग्रेड-3 पद के लिए चयनित कर्मचारियों की सूची जारी कर दी है। विभागीय लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 29 कर्मचारियों का चयन किया गया है। चयनित कर्मचारियों को 30 दिनों के भीतर अपने संबंधित क्षेत्र में पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, चयनित कर्मचारियों को एनसीडब्ल्यूए-11 के प्रावधानों के तहत वेतनमान प्रदान किया जाएगा। साथ ही नियुक्ति के बाद एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि भी निर्धारित की गई है। यदि निर्धारित समय सीमा में कर्मचारी पदभार ग्रहण नहीं करते हैं तो उनका चयन स्वतः निरस्त माना जाएगा। चयन सूची में दीपका, गेवरा, कुसमुंडा, कोरबा, हसदेव, रायगढ़, चिरमिरी, जोहिला, भटगांव, बिश्रामपुर और एसईसीएल मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। इधर, चयन सूची जारी होने से पहले साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक), गेवरा क्षेत्र ने महाप्रबंधक को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। संगठन ने मांग की थी कि क्लर्क ग्रेड-3 चयन प्रक्रिया में परीक्षा उत्तीर्ण लेकिन पद से वंचित कर्मचारियों को भी रिक्त पदों पर अवसर दिया जाए।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में सेवा प्रदाताओं की भर्ती हेतु आवेदन 23 तक

**कोरबा।** सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की भर्ती हेतु 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिस पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है उनमें साईको-सोशल कांउसलर-1 पद, पैरालीगल कार्मिक/वकील-1 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक-1 पद, कार्यालय सहायक-1 पद, सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड-3 पद शामिल हैं। उक्त पदों हेतु आवेदन 23 जुलाई तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा में प्रस्तुत किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा ने बताया कि उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्याता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जिले में अभी तक 277.4 मिलीमीटर दर्ज की गई वर्षा

**कोरबा।** जिले में 1 जून से 10 जुलाई तक कुल 277.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में जिले की तहसील कोरबा में 320.7 मिलीमीटर, अजगरबहार 234.8, भैंसमा, 263.4, करतला 210.3, बरपाली 240.6, कटघोरा 322.7, दीपका 335.4, दर्री 341.7, पाली 317.2, हरदीबाजार 238.8, पोंड़ीउपरोड़ा 309.2, और पसान तहसील में 194.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### 1 किलो में 250 ग्राम कम मछली देकर ग्राहकों को लगा रहे चूना



**कोरबा।** शहर के आईटीआई चौक के पास बालको मार्ग स्थित मछली मार्केट में ग्राहकों को कम तौलकर मछली बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कई दुकानदार 1 किलो के नाम पर लगभग 750 ग्राम मछली देकर ग्राहकों से पूरे 1 किलो का पैसा वसूल रहे हैं।
स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से मछली मार्केट में तौल को लेकर शिकायतें मिल रही हैं लेकिन संबंधित नापतोल विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। विभागीय जांच और नियमित निरीक्षण के अभाव का फायदा उठाकर कुछ व्यापारी ग्राहकों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मछली खरीदने के दौरान तौल में गड़बड़ी पाए जाने पर पत्रकार ने आपत्ति जताई और मामले की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।
क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और नापतोल विभाग से मछली मार्केट में विशेष जांच अभियान चलाने, इलेक्ट्रॉनिक एवं पारंपरिक तराजुओं की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ।

पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों पर आधारित पुस्तक की दी गई जानकारी

# पताढ़ी हाईस्कूल में विद्यार्थी कैरियर काउंसलिंग शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शासकीय हाईस्कूल पताढ़ी में विद्यार्थी कैरियर काउंसलिंग एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि जब तक शिक्षा के लिए हम सभी और समाज सक्रियता नहीं दिखाएंगे तब तक शिक्षा अपने निर्धारित परम उद्देश्य को नहीं प्राप्त कर सकता। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों का सम्मान और विद्यार्थीयों का वेलकम करना अत्यंत आवश्यक होता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य पी.पारकर ने करते हुए अतिथियों का स्वागत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई दूसरा धन नहीं हो सकता। इसलिए हम सबको शिक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता डॉ.प्यारेलाल आदिले ने कहा कि जब तक हम देश में एक साथ सभी मिलकर शिक्षा को गंभीरता से नहीं लेंगे तब तक हमारा देश अग्रणी नही बन पाएगा। अतएव हम सभी को शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संकल्पपूर्वक काम करना चाहिए। इस अवसर पर व्याख्याता फुलेश्वरी बंजारे, श्रीमती पद्मावती साव, श्रीमती रीना मिश्रा एवं हरिशंकर सोनवानी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सरोज कश्यप ने किया। इस अवसर पर पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों के लिए शिक्षा संबंधी योजनाओं विषय पर संदर्भ पुस्तक लिखने वाली लेखिका विमला भास्कर व्याख्याता अंग्रेजी ने अपनी पुस्तक की लेखन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अंत में अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन श्रीमती फुलेश्वरी बंजारे व्याख्याता ने किया।

### जर्जर शाला भवन के सुधार का मिला आश्वासन

शालेय शिक्षक संघ पाली द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली कुमदेश गोभिल से सौजन्य मुलाकात किया गया एवं एवं पाली विकासखंड शिक्षा अधिकारी का पद ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। साथ में टेट परीक्षा इंद्राज करने और समयमान वेतन, क्रमोनत वेतनमान चयन एवं जर्जर शाला भवन के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें कुमदेश गोभील द्वारा उचित निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरानन ब्लॉक अध्यक्ष पाली प्रकाश चंद निषाद, जिला उपाध्यक्ष खगेंद्र कुमार कौशिक, सचिव दौलत राम कुर्रे, नंदनी राजपूत, संदीप सिंह, धनराज जोशी, राजलाल मरकाम, उदय शर्मा, ओंकार साहू, समय लाल भारती जयप्रकाश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



# सरगुजा में बाइकर्स के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई, 158 बाइक जब्त

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में पुलिस ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मैनपाट में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और वीडियो के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। इधर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अभियान चलाकर एक दिन में 158 बाइक को जब्त किया गया है। पुलिस ने बाइक चालकों के परिजन को बुलाकर अंतिम चेतानवी दी है और इसके बाद पकड़े जाने पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सरगुजा जिले में बाइकर्स गैंग का आतंक चरम पर है। बाइकर्स झुण्ड में निकलकर शहर के साथ ही पर्यटन स्थलों में उत्पात मचा रहे है। हाल ही में जिले के मैनपाट में बाइकर्स गैंग के उत्पात मचाने का वीडियो सामने आया था। इस दौरान दर्जनों की संख्या में बाइकर्स मैनपाट के खतरनाक घाटी पर उत्पात मचाने के साथ ही हुडदंग कर रहे थे। इस दौरान परिवार के साथ मैनपाट पर्यटन स्थल पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश के बाद सरगुजा जिले में यातायात पुलिस, कमलेश्वरपुर, दरिमा, मणीपुर, कोतवाली थाना की पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान चेकिंग प्वाइंट लगाकर और घेराबंदी कर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स को पकड़ा गया। शुक्रवार को एक दिन में चेकिंग के दौरान यातायात शाखा द्वारा कुल 50 वाहन चालक, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 55 वाहन चालक, थाना दरिमा द्वारा 40 वाहन चालक, थाना कोतवाली द्वारा 8 वाहन चालक एवं थाना मणीपुर द्वारा 5 वाहन चालक कुल 158 वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की गई।

# ओपीएस सहित विभिन्न मांगों पर सीएम से चर्चा, निराकरण करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ (महासंघ) द्वारा स्टेट पॉवर कंपनी में कार्यरत बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित विभिन्न मांगों समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। महासंघ के द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन को कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे व्यापक समर्थन को देखते हुए 3 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा किया गया।



भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास जाकर उनसे मुलाकात किया एवं पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने महासंघ के पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित सभी मुद्दों, समस्याओं पर गर्भीरता से विचार करते हुए शासन स्तर पर चर्चा कराकर अनिवार्य रूप से समाधान करवाने हेतु महासंघ के मांग पत्र को शासन स्तर पर प्रेषित किया। चर्चा के दौरान श्री जायसवाल ने पॉवर कंपनी में कर्मचारियों की भारी कमी एवं कर्मचारियों पर बढ़ते दबाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए नई भर्ती किए जाने की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही नियमित भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए जाएंगे, जिसके साथ ही आने वाले समय में पूर्व से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु परस्पर अवसर प्रदान किए जाएंगे। संघ ने पॉवर कंपनी मुख्यालय, डंगनिया रायपुर में विशाल आमसभा, आक्रोश प्रदर्शन एवं चेतावनी ज्ञापन दिया और आगामी 17 अगस्त से प्रदेश में अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल किया जाएगा।

# अरुणीश ने भेंट किए बेंच और डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका



नगर पालिका परिषद दीपका के वार्डों में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने अपनी पार्षद निधि से दीपका और प्रगति नगर के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कास्ट आयरन से निर्मित बेंच और कचरा प्रबंधन के लिए बड़े आकार के पहिए लगे डस्टबिन प्रदान किए हैं।

पार्षद अरुणीश तिवारी ने स्वयं वार्ड के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर यह सामग्रियां संबंधित संस्थाओं को सौंपीं। जिन प्रमुख स्थानों पर बेंच और डस्टबिन प्रदान किए गए हैं, उनमें सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल दीपका, दीपका पुलिस थाना स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक (प्रगति नगर) पोस्ट ऑफिस (प्रगति नगर)प्रगति हाउस एवं दीपका हाउस अंबेडकर पार्क एवं बाल उद्यान (प्रगति नगर)अष्टभुजी दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर (प्रगति नगर) प्रगति नगर डिस्पेंसरी स्नेह मिलन प्रगति नगर शामिल हैं। सामग्री वितरण के अवसर पर अरुणीश तिवारी दादा भाई ने कहा कि जिस प्रकार बीमारियों से बचने के लिए हमें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने की आवश्यकता है, ठीक उसी तरह हमारे व्यक्तिगत जीवन में भी नैतिक मूल्यों, सदाचार और वैचारिक स्वच्छता का होना अत्यंत आवश्यक है।

# शिक्षा के साथ नैतिक गुणों को आत्मसात करें छात्र : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम देवपहरी के गौमुखी सेवाधाम में संचालित एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्रवेशोत्सव वेदारंभ संस्कार के रूप में संपन्न हुआ। कलेक्टर कुणाल दुदावत मुख्य अतिथि और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने आश्रम परिसर में स्थित मां सिद्धिदात्री, हिंगलाजगढ में स्थित भारत की प्रमुख शक्तिपीठ कामाख्या देवी,वैष्णो देवी, कालका देवी, कामाक्षी देवी एवं मध्य में मैहर से शारदा देवी की अखंड ज्योति के दर्शन किए। गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ और हवन के माध्यम से पूर्ण मंत्रोचार के



साथ वेदारंभ संस्कार संपन्न हुआ। नौकुंडीय हवनकुंड में अतिथियों सहित विद्यालय के विद्यार्थियों, अविभावकों, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हवन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है और ऐसे प्रयास दूरस्थ अंचलों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान वेदारंभ संस्कार के पश्चात प्रधानमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम पर हर विद्यार्थी से एक पेड़ लगाने का लक्ष्य रखकर पौधारोपण किया गया।

### सीएसपीडीसीएल के कार्यपालक प्रबंध निदेशक भीम सिंह एक वर्ष बढ़ा कार्यकाल

**कोरबा।** ऊर्जा विभाग ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के कार्यकाल में एक वर्ष की वृद्धि कर दी है। इस संबंध में ऊर्जा विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। व्यवसाय गठन जारी आदेश के अनुसार, भीम सिंह कंवर को 11 जुलाई 2024 के आदेश के तहत इस पद पर नियुक्त किया गया था। अब उनके कार्यकाल को एक वर्ष अथवा आगामी आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है। भीम सिंह कंवर वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में कार्यपालक प्रबंध निदेशक के रूप में विद्युत वितरण प्रणाली के संचालन, उपभोक्ता सेवाओं और वितरण नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। राज्य सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# जिला मेडिकल कॉलेज में महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। बच्चों में दो पुत्री व एक पुत्र है। प्रसव के बाद एक बच्ची की तबियत बिगड़ गई। उसकी जान बचाई नहीं जा सकी। दोनों बच्चों का सघन उपचार किया जा रहा है। जटगा थाना अन्तर्गत ग्राम मुकुवा निवासी तिरथ सिंह की पत्नी को मंगलवार को प्रसव पीड़ा उठा। पति ने डायल 112 से संपर्क किया। जिसकी मदद से महिला को कटघोरा सीएचसी लाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां महिला ने कल शाम तीन बच्चों को जन्म दिया। बच्चों में दो पुत्री व एक पुत्र है। प्रसव के बाद एक बच्ची की तबियत बिगड़ गई। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। प्रसूता व दोनों बच्चों का उपचार डॉक्टरों की



टीम द्वारा किया जा रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अस्पताल में एक साथ तीन बच्चों के जन्म की चर्चा बनी रही। हालांकि एक शिशु की मौत को लेकर लोग शोक भी व्यक्त कर रहे थे।

# आकाशीय बिजली से बचाव स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आकाशीय बिजली गिरने की अत्यधिक संभावनाओं को देखते हुए स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आमजन से सतर्कता बरतने एवं सुरक्षा संबंधी उपायों का पालन करने की अपील की गई है। स्वास्थय विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है, जिससे थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मौसम खराब होने, बादल गरजने या बिजली चमकने की स्थिति में नागरिकों को खुले मैदान, खेत, पहाड़ी, जलाशय, पेड़ के नीचे तथा ऊँचे स्थानों पर रुकने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी पक्के भवन अथवा बंद चारपहिया वाहन में सुरक्षित आश्रय लेना चाहिए। बिजली कड़कने के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्त्रोतों से दूर रहें तथा धातु के कृषि उपकरण, लोहे की रॉड, तार अथवा अन्य धातु की वस्तुओं के साथ खुले स्थान पर न रहें। साथ ही, मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें। यदि कोई व्यक्ति खुले में फँस जाए तो जमीन पर पूरी तरह लेटने के बजाय दोनों पैरों को साथ रखकर नीचे झुक जाए, सिर नीचे रखें तथा अन्य लोगों से कुछ दूरी बनाए रखें। इससे आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में जोखिम कम किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति पर आकाशीय बिजली गिर जाए तो घबराएँ नहीं। प्रभावित व्यक्ति को छूना पूरी तरह सुरक्षित होता है।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### भारत विकास परिषद ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**कोरबा।** भारत विकास परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप भवन कोरबा में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह और परिषद के राष्ट्रीय क्षेत्रीय पदाधिकारियो ने किया इसके साथ ही रक्तदान प्रारंभ हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

### माय भारत युवा कार्यक्रम के सतीश जिला नोडल अधिकारी नियुक्त



**कोरबा।** माय भारत,युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अंतर्गत संचालित माय भारत कार्यक्रम के जिले में सुचारु क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सतीश प्रकाश सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा विकासखण्ड - पोड़ीउपरोड़ा को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में माय भारत कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी नियुक्त हुए प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह द्वारा जिले में माय भारत कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित समस्त गतिविधियों के समन्वय, माय भारत पोर्टल पर पंजीयन एवं जानकारी अपलोड करने, विभिन्न शासकीय विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय स्थापित करने, प्रतिवेदन प्रेषित करने तथा राज्य शासन, माय भारत युवा कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन करेंगे।

### सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 39 छात्राओं को किया साइकिल वितरण



**हरदीबाजार।** राज्य शासन की सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत हरदीबाजार हायर सेकेंडरी स्कूल में सायकल वितरण कार्यक्रम कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि बेटियों को शिक्षा को प्रोत्साहित करने व विद्यालय आने-जाने की सुविधा बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर विश्वनाथ राठौर, दिनेश राठौर, हेमंत तिवारी, प्रताप सिंह कंवर, हुलेश राठौर, कृष्णानंद राठौर, सचिन राठौर, प्यारे राठौर, देव सिंह राठौर, शैलेन्द्र राठौर, मनहरण राठौर, लखेश्वर साहू, जगदीश पाटले, संजय श्रीवास, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा, पंचूराम भार्गव, लखेश्वर राजवाड़े, श्रीमती वर्षा रानी सोनी, श्रीमती हिमकांति बसंत, श्रीमती जनार्दन, श्रीमती किरण दिवाकर, श्रीमती स्वाति राठौर, श्रीमती दीपिका बघेल, सुश्री करुणा, श्री टंडन, शरद कुमार काठले, संतोष कुमार कश्यप, अशोक भगत, श्रीमती भारती वैष्णव, उमाशंकर पाटले, संपत आनंद, नितेश यादव, राधेश्याम कोरवा उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत उरगा मंडल में किया गया पौधरोपण



**भैसमा।** पर्यावरण संरक्षण हरित संकल्प के लिए जन जागरूकता अभियान एक पेड़ मां के नाम तहत अरिहंत पौधा रोपण कर मुक्तिधाम परिसर को बनाया हरित संकल्प का केंद्र, भाजपा पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी उरगा मंडल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुक्तिधाम परिसर में 200 से अधिक पौधे सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से रोपे गए। विशेष बात यह रही कि पौधों की सुरक्षा के लिए पहले से बने अहाते एवं गेटयुक्त परिसर का चयन किया गया, ताकि पौधों का बेहतर संरक्षण हो सके और वे भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर एवं भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल का भी दायित्व निभाना चाहिए। उरगा मंडल अध्यक्ष किशन साव ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी दिनों में भी मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार वृक्षारोपण किया जाएगा।

# बालको सामुदायिक उत्तरदायित्व का कर रहा बखूबी निर्वहन: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालकोनगर

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा सोनपुरी ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं पाढ़ीमार, बालकोनगर में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। आयोजित उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम वाणिज्यिक कर (आबकारी), श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और बालको मुख्य कार्पोरेट अफेयर्स एवं प्रशासन अधिकारी कैप्टन धनंजय मिश्रा उपस्थित थे। वहीं पाढ़ीमार के सामुदायिक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में मंत्री एवं कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, बालकोनगर कन्नौजिया राठौर समाज के अध्यक्ष जय राठौर, पार्षद हितानंद अग्रवाल एवं रजत प्रसाद खूटे सहित अनेक स्थानीय जन प्रतिनिधि, बालको के अधिकारी और नागरिक मौजूद थे। लखन लाल देवांगन ने सामुदायिक निर्माण कार्य के लिए बालको प्रबंधन को साधुवाद किया।

**जानलेवा हादसों के कारण मिला नो स्टार, दीपका को मिला 4-स्टार**




बालको सीएसआर ने अपने प्रमुख सामुदायिक विकास पहल के तहत आधारभूत संरचना सोनपुरी पंचायत में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा किया। साथ ही पाढ़ीमार में प्रस्तावित सामुदायिक भवन का भूमि पूजन हुआ, ये आधारभूत संरचना ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने और क्षेत्र में सामुदायिक जीवन को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। सोनपुरी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन सामाजिक समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सार्वजनिक बैठकों के लिए बेहतर स्थान के रूप में काम करेगा। इससे सोनपुरी पंचायत के समस्त ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। मंत्री श्री देवांगन ने बालको के सामुदायिक विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा "बालको केवल औद्योगिक उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन कर रहा है। सामुदायिक भवन जैसे विकास कार्य ग्रामीणों के सभी सामाजिक आयोजनों और ग्राम विकास से जुड़े निर्णयों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेंगे। बालको शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सड़क, पेयजल, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में निरंतर योगदान देकर स्थानीय समुदाय के जीवन को बेहतर बना रहा है। उद्योग और समाज के इस सहयोग से कोरबा के विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस सामुदायिक भवन को अपनी संपत्ति मानकर इसकी देखरेख करें और इसका उपयोग गांव के समग्र विकास के लिए करें।"

#### समग्र विकास में योगदान: सिंह

निर्माण कार्य की सराहना पर अपने संदेश देते हुए बालको के सीईओ राजेश सिंह ने कहा "हमें खुशी है कि बालको स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में समुदाय के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है। सामुदायिक भवन और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के माध्यम से हम लोगों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने, आपसी जुड़ाव बढ़ाने और समाज के समग्र विकास में योगदान देने के लिए कटिबद्ध हैं।"

#### निरंतर हो रहा कार्य

बालको सीएसआर की आधारभूत संरचना विकास पहल का हिस्सा हैं। पिछले 3 वर्षों में सामूहिक प्रयास से कंपनी ने 85 से अधिक इनफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किये हैं जिसमें सड़क, सामुदायिक भवन, बच्चों का पार्क निर्माण तथा आंगनवाड़ी केंद्र एवं सरकारी स्कूल का नवीनीकरण शामिल है। इससे 20 गांवों में 20,600 से अधिक लोगों को लाभान्वित हुए हैं। क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कंपनी आवश्यक बुनियादी ढाँचे के निर्माण में निवेश कर रहा है। पिछले दो महीनों में कंपनी ने अधोसरंचना कार्यक्रम के तहत नेहरू नगर सामुदायिक भवन, सिविक सेंटर स्थित जुबली पार्क तथा स्मृति उद्यान का निर्माण किया। कंपनी अपने सामुदायिक कार्यों के माध्यम से समुदाय के समग्र विकास और सभी के लाभ के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## अकलतरा में रेक प्वाईंट होने से बढ़ रहा विभागों पर परिवहन का खर्च

# रेक प्वाइंट तैयार करने चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में धान और खाद के परिवहन हेतु रेक प्वाईंट बनाने की दिशा पर काम चल रहा है। वर्तमान में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग को खाद एवं धान के परिवहन के लिए अकलतरा के रेक प्वाईट पर निर्भर रहना पड़ता है। वहां से खाद लाने एवं धान की परिवहन पर लगने वाले खर्च को भी वहन करना पड़ता है।

**खास बात**
- लंबे समय से महसूस की जा रही थी रेक प्वाईट की जरुरत


फाइल फोटो

जिले में जिस तादात में धान खरीदी का लक्ष्य बढ़ते जा रहा है उससे एफसीआई कोटे को दिए जानी वाली चावल की मात्रा भी बढ़ते जा रही है। इसी तरह खेती का रकबा बढ़ने के कारण रासायनिक खाद की खपत बढ़ते जा रही है और दोनों के लिए ही अकलतरा के रेक प्वाईंट पर विभाग को निर्भर होना पड़ता है। उरगा में एफसीआई के गोदाम होने से उनके हिस्से के चावल को वहां डंप कराया जाता है और वहां से सड़क मार्ग से सेंट्रल कोटे के चावल को रेक प्वाईंट अकलतरा पहुंचाया जाता है। इसी तरह तार की आपूर्ति भी जिले में अकलतरा के रेंक प्वाईंट से होती है। इसे भी सड़क मार्ग से जिले के गोदामों में डंप कराया जाता है। इस दोनों ही प्रक्रिया में पिछले कुछ वर्षों से ट्रांसपोर्टिंग का भी खर्च बढ़ते जा रहा है। बढ़ते खर्च के मद्देनजर अब जिले में रेक प्वाईंट की आवश्यकता महसूस होने लगी है और इसके लिए सहकारिता विभाग और रेलवे के द्वारा अपने स्तर पर कार्य शुरु किया गया है। रेक प्वाईंट को लेकर पिछले दिनों कोरबा प्रवास पर पहुंचे जिला सहकारी केंद्रीय अध्यक्ष ने भी रेक प्वाईंट को लेकर रेलवे से मिलकर कार्य किये जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि रेक प्वाईंट होने से खाद आपूर्ति में होने वाली समस्याओं से निजात मिल सकेगा। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि कोयले से रेलवे को करोड़ों की राजस्व आय होती है, इसे देखते हुए राज्य शासन स्तर से ही रेक प्वाईंट बनाने की दिशा पर योजनाएं बनाई जाने लगी है। इससे जिले में अन्य खाद सामग्रियां भी रेक प्वाईंट के माध्यम से पहुंचने लगेंगी।

#### उरगा, कोरबा व कटघोरा में हैं गोदाम

नान के गोदाम उरगा, कोरबा एवं कटघोरा में बनाए गए हैं। जहां धान के एवज में राईस मिलरों के द्वारा प्रति क्विंटल 65 किलो चावल जमा किया जाता है। तीन स्थानों पर बने गोदाम में उरगा का गोदाम डबल लॉक का है। इसमें एक गोदाम एफसीआई के द्वारा बनाया गया है जहां एफसीआई के कोटे के चावल को जमा कराया जाता है जो केंद्र सरकार को आपूर्ति किया जाता है।

# एनएच-130 मदनपुर टोल प्लॉजा को अन्यत्र करें विस्थापित : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


राज जायसवाल

बिलासपुर से कटघोरा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में स्थापित 2 टोल प्लॉजा के बीच निर्धारित मानक दूरी को लेकर उठे विरोध के स्वर को जनप्रतिनिधियों का भी साथ समर्थन मिलने लगा है। नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक, बिलासपुर को पत्र प्रेषित कर ग्राम मदनपुर स्थित टोल प्लाजा को निर्धारित मानकों के अनुरूप अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।

उन्होंने प्रेषित पत्र के माध्यम से परियोजना निदेशक को अवगत कराया है कि वर्तमान में टोल प्लाजा की स्थिति के कारण कटघोरा, छुरी, एनटीपीसी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को प्रतिदिन अनावश्यक टोल शुल्क चुकाना पड़ रहा है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अपने पत्र के माध्यम से अध्यक्ष जायसवाल ने उल्लेख किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार दो टोल प्लाजाओं के बीच न्यूनतम 60 किलोमीटर की दूरी निर्धारित है, जबकि मदनपुर एवं बरद्वार टोल प्लाजा के बीच की दूरी लगभग 29 किलोमीटर ही है। उन्होंने इसे निर्धारित मानकों के विपरीत बताते हुए तत्काल समीक्षा की मांग की है। राज जायसवाल ने कहा कि टोल प्लाजा के कारण स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों एवं प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों को आर्थिक एवं व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# पाली में बिजली समस्या पर एसडीएम ने ली बिजली अधिकारियों की बैठक


बिजली अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली क्षेत्र में लंबे समय से जारी बिजली की लचर व्यवस्था और अघोषित कटौती को लेकर जनआक्रोश के बाद आखिरकार प्रशासन और विद्युत विभाग की बैठक आहूत की गई। जिसमें एक माह के अंदर क्षेत्र की बिजली समस्या के निराकरण और लचर व्यवस्था को सुधारने के लिए आश्वासन दिया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव प्रशांत मिश्रा और पाली के स्थानीय नागरिकों द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के बाद, विभाग ने आनन-फानन में पाली विश्राम गृह में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई। इस उच्च स्तरीय बैठक में जनप्रतितिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बिजली विभाग के आला अफसरों के बीच तीखी बहस के बाद कई अहम फैसले लिए गए। विभाग ने आश्वासन दिया है कि एक महीने के भीतर पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा। बैठक में पूर्व में चल रही बिजली सुविधा के संबंध में चर्चा की गई। बताया जाता है कि क्षेत्र में बेलतरा से भी बिजली की आपूर्ति वैकल्पिक तौर पर पाली शहर के लिए की जाती है। इसी तरह रेकी पावर प्लांट से भी बिजली की आपूर्ति पूर्व में करायी गई थी। वर्तमान में दोनों ही सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण पाली क्षेत्र में बिजली की समस्या चरमरा गई है। घंटों बिजली गुल होने के कारण क्षेत्र वासियों का आक्रोश भड़क उठा था और आंदोलन की राह पर उतरने का निर्णय लिया था। बैठक में पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, एसडीएम रोहित सिंह, प्रशांत मिश्रा, कुलदीप मरकाम, लखन प्रजापति, दीपक जायसवाल, कीर्ति कश्यप, रामविलास जायसवाल एवं अजय सैनी उपस्थित रहे।

**खास बात**
- त्रिपक्षीय वार्ता में एक महीने में व्यवस्था सुधारने का मिला आश्वासन

### लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल का शपथ ग्रहण कल

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल का शपथ समारोह 12 जुलाई को होटल कावेरी डीडीएम रोड कोरबा के सभागार में संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233सी के नवनिर्वाचित प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन पवन मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। गेस्ट ऑफ आनर के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रामसिंह अग्रवाल, शपथ अधिकारी के रूप में रीजन चेयरमेन एमजेएफ पवन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएमजेएफ डॉ. राजकुमार अग्रवाल एवं जोन चेयरमेन मनोज गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

# टोनही प्रताड़ना, देवरानी सहित तीन लोगों पर आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भांटापारा कुदुरमाल में टोनही प्रताड़ना का मामला सामने आया है। जिसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र के भाटापारा की है। यहां निवासरत सत्यभामा वैष्णव (65 वर्ष) ने थाना में शिकायत दर्ज करायी है कि उसकी देवरानी लक्ष्मीन वैष्णव उर्फ लक्ष्मी, उसकी पुत्री चंचल वैष्णव और पुत्र किशन वैष्णव उर्फ गोलू उसे टोनही कहते हुए मानसिक प्रताड़ित कर रहे थे। प्रताड़ना की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**
- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदुरमाल भांटापारा की घटना


आरोपीगण

### सड़क के बीचों बीच मारपीट, आरोपी गिरफ्तार


आरोपी

**कोरबा।** एसईसीएल हनुमान मंदिर मेन रोड पर बोलेरो चालक से मारपीट करने और रास्ता रोक कर मारपीट की घटना सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को निहारिका मेन रोड स्थित हेलीपैड हनुमान मंदिर के पास बोलेरो चालक सोहेल अली ने सामने चल रही गाड़ी को हॉर्न दिया। सिर्फ इतनी सी बात पर सामने चल रहे नेक्सॉन कार क्रमांक सीजी 12 बीयू 7704 के चालक सुभाष ब्लॉक निवासी सुजल सोनवानी 21 वर्ष गुस्से में आकर अपनी कार बीच सड़क पर अड़ा दी और बोलेरो चालक सोहेल अली को नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। इस गुंडागर्दी की वजह से व्यस्त मार्ग पर करीब 15 मिनट तक ट्रैफ़िक जाम रहा। बीच सड़क पर हो रहे मारपीट की घटना को राहगिरों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिये थे और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर हुआ आयोजन

# अभाविप ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अभाविप कोरबा इकाई द्वारा संगोष्ठी एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रभक्ति, विद्यार्थी चेतना एवं व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराया गया।


मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सत्यम शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान का जागरूक राष्ट्र निर्माता होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी, संस्कारित और चरित्रवान नागरिक का निर्माण करना है। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं एस.एम.एस. विद्यालय के प्राचार्य श्री विद्यानंद पांडे ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा तभी सार्थक होती है जब उसका उपयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में किया जाए। अभाविप जिला संगठन मंत्री श्री प्रदीप साहू ने परिषद के 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभाविप जिला संयोजक श्री गोविंद पटेल ने परिषद के विभिन्न आयामों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से अधिकाधिक संख्या में अभाविप के रचनात्मक कार्यों से जुड़ने का आग्रह किया।

